हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 17 अप्रैल 2024

04 स्कूल से घर लाकर 6 साल के इकलौते मासूम की...



07 आज मनेगा भव्य श्रीराम जन्म महोत्सव दोपहर...





### जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# आचार संहिता उल्लंघन के प्रकरणों में अधिकारी तत्काल कार्रवाई करें

लोकसभा चुनाव के अंतर्गत आचार संहित का उल्लंधन करने वाले लोगों के खिलाफ अधिकारी तत्काल कार्रवाई करें। ताकि चुनाव में अनुचित लाभ लेकर संबंधित व्यक्ति चुनाव को प्रभावित न कर सके। यह बात बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सोनिया मीना ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ईवीएम की कमीशनिंग के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अभ्यर्थियों के एजेंट की उपस्थिति में ही की जाए। कमिशनिंग के पहले सभी राजनीतिक दलों को लिखित में इसकी सूचना देवे। स्ट्रांग रूम भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ही खोला जाए। मॉक पोल की कार्रवाई के दौरान भी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने निर्वाचन संबंधित तैयारियो की बैठक में सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम की कमीशनिंग के दौरान कोई भी कमी नहीं रहनी चाहिए। इंजीनियरों की टीम की ड्यूटी लगाई जाए। सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी ईवीएम कमिशनिंग को



गंभीरता से लेवे। कलेक्टर ने कहा कि यदि कमिशनिंग के दौरान ईवीएम खराब होती है तो उसको अलग कक्ष में स्टोरेज किया जाए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत यदि कहीं भी आचार संहिता उल्लंघन का मामला सामने आता है तो ऐसे मामलों में त्वरित गति से कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वीप की गतिविधियां लगातार चलाने के निर्देश दिए और कहा की जिन मतदान केंद्रों में गत चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम रहा है। वहां पर मतदाता जागरूकता की विशेष गतिविधियां लगातार चलती रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों से कहा कि होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में मतदान को अब मात्र 10 दिन शेष बचे हैं। अतः सभी अधिकारी पूरी एकजुटता एवं गंभीरता से अपने-अपने सौंपे गए दायित्व को पूरी निष्ठा से पूरा करें। हर चीज की बारीकी से तैयारी करें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई गाइडलाइन का अक्षरशः पालन करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बताया कि निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं अधिकारियों के तथा मतदान दल के बस ड्राइवर, क्लीनर एवं हेल्पर को भी ईडीसी जारी कि जाएंगी। जो पात्र हैं उन सबको ईडीसी जारी करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख या सुनिश्चित करेंगे की उनके अधीनस्थों को ईडीसी जारी हो जाए और समय पर भरकर जमा भी हो जाए। बताया गया कि 19 अप्रैल से मतदान कर्मियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण प्रारंभ होगा। यह अंतिम प्रशिक्षण है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए की जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी एनालिसिस करके ट्रेनिंग को रोचक बनाएं। उन्होंने गत प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिए कि वह ऐसे कर्मचारियों पर कार्रवाई का प्रस्ताव प्रस्तावित करें।

कलेक्टर ने वीवीपैट मशीन की पर्ची के संबंध में निर्देश देते हुए कहा की यदि किसी विधानसभा में वीवी पेट मशीन की पर्ची के लिए शेडिंग मशीन यदि कहीं पर कम पड़ रही है तो वहा अतिरिक्त उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों के एवं मतदान दल के वाहन में जीपीएस सिस्टम लगाया जाएगा। उन्होंने जीपीएस के लिए अलग से एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी मतदान दल के लिए मेडिकल किट तैयार रखें। मतदान दल की रवानगी से पूर्व सभी मतदान दल को मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि सभी रिटर्निंग अधिकारी मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी स्थल में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें तथा एक बार इसका ड्राई रन भी करें। कलेक्टर ने सभी अनुभाग स्तर पर कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए और कहां की कंट्रोल रूम में तहसीलदार स्तर के व्यक्ति की ड्यूटी लगाई जाएगी।

यह व्यक्ति मतदान के दिन आने वाली शिकायत को प्राप्त करेंगे एवं तत्काल अपनी रिपोर्ट भी भेजेंगे। कंट्रोल रूम में कम्युनिकेशन प्लान से संबंधित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के मोबाइल नंबर रहेंगे। कलेक्टर ने सभी नंबरों को एक बार क्रॉस चेक करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि मतदान दल को पीठासीन की डायरी, हैंडबुक दिए जाएंगे ताकि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की कठिनाई महसूस होने पर इसकी मदद से वे समस्या का निराकरण कर सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मतदान दल के लिए सामग्री के थैली बनाना सुनिश्चित करें । थैली में मतदान दिवस की सभी आवश्यक सामग्री रखने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने नोडल अधिकारी रविंद्र सिंह को थैली में भरी गई सामग्री को चेक करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए मत प्रतिशत एप भी बनाया गया है। कलेक्टर ने कहा कि सभी रिटर्निंग अधिकारी अपने स्तर पर स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित कर लें। समीक्षा के दौरान बैठक में बताया गया की शिकायत शाखा में अब तक 52 शिकायत प्राप्त हुई है। जिनमें चार शिकायत लंबित है। जिनके समय सीमा में निराकरण के प्रयास किये जा रहे हैं। लोकसभा निर्वाचन के दौरान 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों में वेब कास्टिंग की जाएगी।

# पलक गोयल ने यूपीएससी में 479 रैंक पाकर किया नर्मदांचल को गौरवान्वित

### नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा का यूपीएससी में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल, नर्मदापुरम की छात्रा पलक गोयल का यूपीएससी परीक्षा मे चयन होने पर स्कूल परिवार ने पलक गोयल और उसके माता पिता को बहुत बहुत बधाइयाँ दी। प्राचार्य इमरान खान ने याद करते हुए बताया कि छात्रा हमेशा से ही पढ़ने मे बहुत होशियार और होनहार रहने के साथ कक्षा 12वीं में भी जिला टॉपर रही है। छात्रा से मिलने गए शिक्षको ने पलक का मुंह मीठा करवा कर उसको शुभकामनाएं दी। पलक ने भी स्कूल और शिक्षको के सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद दिया साथ ही संस्था के डायरेक्टर मनीष अग्रवाल, प्राचार्य इमरान खान, कोऑर्डिनेटर श्वेता शुक्ला एवं शिक्षकों ने पलक एवं उनके माता-पिता को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मां और दादा को सुनाई पलक की खुशखबरी

पलक गोयल ने बताया 2020 से यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। तीन बार पहले दिए। पहली बार में प्री पास हुई पर मेंस रह गया। दूसरी बार में प्री पास नहीं कर पाई। तीसरी बार में प्री टेस्ट व मैंस दोनों पास की। लेकिन इंटरव्यू रह गया था। मैंने हार नहीं मानी। चौथी बार फिर कोशिश की। जिसमें प्री, मैंस पास हो गई। पिछले महीने मार्च में इंटरव्यू हुआ था। भरोषा था कि इंटरव्यू निकल जाएगा। आज दोपहर में अष्टमी पर घर में कन्या भोजन चल रहा था, समाचार देखे कि रिजल्ट आ गया है। मैंने भी अपना रिजल्ट देखा, नाम देख खुशी से चिल्ला उठी। सबसे पहले अपने दादा केके गोयल व मां रंजना को बताया। फिर पापा नरेंद्र गोयल को। नरेंद्र गोयल रोटरी क्लब से जुड़े व कालोनाइजर है।

### सकारात्मक सोच आगे बढ़ाती है: पलक



यूपीएससी में सफलता हासिल करने के बाद बेटी पलक ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि लक्ष्य हासिल करने के लिए सकारात्मक सोच होना जरूरी है। तीन बार परीक्षा देने के बाद पिता, दादा ने मुझे सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जिसका परिणाम है आज मैं सफल हुई हूं।

## नवजागरण पार्टी ने मनाई डॉ अम्बेडकर जयंती



**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय नवजागरण पार्टी कार्यालय कोठी बाजार नर्मदा पुरम में 133 डॉ भीमराव अंबेडकर कि जयंती बड़े हर्ष उल्लास से मनाई गई। जीडी बड़ोदिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के संघर्षमय जीवन पर प्रकाश डाला गया। उस महामानव भारत के संविधान का निर्माण किया था। इस अवसर पर राष्ट्रीय नवजागरण पार्टी के पदाधिकारी जसुमती बड़ोदिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय नवजागरण पार्टी, प्रांतीय सचिव आरसी दुबले, जिला अध्यक्ष बीसी बरगले, उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह बघेल, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार डाले, लखन लाल बछले, शीला बछले सहित सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। बीसी बरगले जिला अध्यक्ष द्वारा आभार व्यक्त किया।

## मतदाता जागरूकता गीत का किया विमोचन

**नर्मदापुरम।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने सागर के जिला पंचायत सीईओ एवं मतदाता जागरूकता अभियान के नोडल अधिकारी पीसी शर्मा द्वारा स्वरचित मतदाता जागरूकता गीत के पोस्टर और सीडी का विमोचन किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जय मतदाता, जय जय मतदाता गीत लिखने पर शर्मा को बधाई तथा शुभकामनाएं दी हैं।

# कलेक्टर मीना ने जिला कोषालय के डबल लॉक का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने जिला कोषालय स्थित डबल लाक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा मापदंडों हेतु निर्धारित भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हे कि नहीं इसका अवलोकन किया। कलेक्टर नें डबल लॉक में वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी कैमरों से सुरक्षा करने की जानकारी ली। इस दौरान अपर कलेक्टर डीके सिंह, संयुक्त कलेक्टर अनिल जैन, जिला कोषालय अधिकारी नितेश कुमार उईके एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बताया गया कि होम वोटिंग में सोहागपुर विधानसभा में 85 प्लस श्रेणी के चार एवं पिपरिया विधानसभा में दिव्यांग श्रेणी के एक मतदाता इस तरह कुल पांच, मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। होशंगाबाद विधानसभा से अनिवार्य



सेवाओं से संबंधित सात मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया। जिले में अनुपस्थित मतदाताओं की श्रेणी में 85 प्लस के 586 तथा दिव्यांग श्रेणी के 235 एवं अनिवार्य सेवाओं के सात मतदाताओं सहित कुल 828 मतदाताओं को चिन्हित किया गया । सिवनी मालवा विधानसभा में 85 प्लस श्रेणी के 134 दिव्यांग श्रेणी के 85, होशंगाबाद विधानसभा में 85 प्लस श्रेणी के 112 दिव्यांग श्रेणी के 58 अनिवार्य सेवाओं के सात मतदाताओं नें सेवाओं का लाभ लिया। सोहागपुर विधानसभा में 85 प्लस के 233 दिव्यांग श्रेणी के 39 एवं पिपरिया विधानसभा में 85 प्लस श्रेणी के 89 दिव्यांग श्रेणी के 49 व्यक्तियों द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया। इस तरह जिले में कुल 806 मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया। उक्त सभी मत पत्रों को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला कोषालय स्थित डबल लॉक में सुरक्षित रखा गया है।

# सनातन कैलेंडर से समाज में जागृति आएगी

### पं. जीपी खड्डर व स्कूल संचालक आशुतोष शर्मा ने किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले की ख्याति लब्ध शिक्षण समूह समेरिटंस ने एक बार फिर अपनी संस्कृति और सनातन के प्रति निष्ठा को प्रमाणित किया है। समूह द्वारा मंगलवार को सनातन काल पत्रक (कैलेंडर) जारी किया। इस कैलेंडर का विमोचन धर्माचार्य डा गोपाल प्रसाद खड्डर, जगदीश मंदिर डोंगरवाड़ा के अर्चक प्रसाददास, संस्था के डायरेक्टर डा आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, एकेडमी प्रभारी विक्रांत खंपारिया ने किया। इस अवसर पर कैलेंडर के संपादक प्रमोद शर्मा ने इसके निर्माण और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। डा शर्मा ने कहा कि आज का दिन समेरिटंस के लिए ऐतिहासिक है।



यह कार्य काफी कठिन था। इससे समाज में जागृति आएगी और लोग सनातन माह, पक्ष, तिथि, नक्षत्र, योग चौघड़िया, राहुकाल के बारे में जानेंगे।

उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षो में इसे और अधिक उपयोगी बनाया जायेगा। यह कैलेंडर सभी शिक्षकों, समिति सदस्यों और विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम को डॉ खड्डर और प्रसाद दास महाराज ने भी संबोधित किया। उन्होंने इस कार्य की सराहना की और कहा कि यह कार्य समाज में जागृति लाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने इसके लिए संस्था की स्कारात्मक सोच की मुक्त कंठ से सराहना की।

## शेडो एरिया में वायरलेस सेट संचालन का ड्राय रन 19 को: एएसपी

**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में शेडो एरिया संचार व्यवस्था अर्थात पुलिस वायरलैस के लिए अतिथि शिक्षकों को कार्यभार सौंपा गया है। अतिथि शिक्षकों द्वारा उक्त कार्य पूरी पारदर्शिता से किया जाए इस उद्देश्य से उन्हें प्रशिक्षण 19 अप्रैल को संबंधित शेडो एरिया मतदान केन्द्रो पर दिया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, स्त्रोत समन्वयकों सिवनीमालवा, पिपरिया सोहागपुर एवं नर्मदापुरम को निर्देशित किया है कि वे अतिथि शिक्षकों को नियत दिनांक को संबंधित शेडो एरिया मतदान केन्द्रों पर उनकी उपस्थिति कराया जाना सुनिश्चित करें।

# मतदाता पर्ची के साथ मतदान के लिए कर रहे प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विधान सभा 136 सिवनी मालवा के मतदान केन्द्र 228 शासकीय प्राथमिक शाला बेंगनिया में बीएलओ नीलेश चौरे एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति चौरे के द्वारा घर घर जाकर मतदाता पर्ची बांटी जा रही है साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।



चौरे ने बताया कि ग्राम में 420 मतदाता हैं जिनमें 217 पुरूष मतदाता एवं 203 महिला मतदाता हैं इनमें से 2 मतदाता शारदा बाई एवं रेवती बाई 85 वर्ष से अधिक आयु के हैं जिनका मतदान हो चुका है। आपने बताया कि सभी मतदाताओं को पर्ची बांटी जा रही है। पर्ची में मतदाता का मतदान केन्द्र क्रमांक, मतदाता का इपिक नम्बर एवं मतदाता का सरल क्रमांक दिया जाता है। चौरे ने बताया कि पर्ची बांटने के साथ ही मतदाताओं को जागरूक भी किया जा रहा है एवं 26 अप्रैल को वोट डालने की अपील की जा रही है। विगत विधानसभा निर्वाचन 2023 में 87 प्रतिशत मतदान हुआ था इस बार लोक सभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिये प्रयास किया जा रहा है।

### मतदान प्रतिशत को प्रोत्साहित करने के लिए कवायद जारी

# कम मतदान वाले केंद्रों पर कर रहे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विधान सभा 136 सिवनी मालवा के मतदान केन्द्र 207 पर लोकसभा निर्वाचन 2019 में मतदान 70 प्रतिशत रहा था जो कि जिले में कम मतदान वाले पोलिंग बूथ में आता है। इस बार मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिये ग्राम पंचायत में पदस्थ समस्त अमले के द्वारा प्रचार प्रसार का कार्य किया जा रहा है जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि सभी विभागों का अमला अपने अपने स्तर से लगा हुआ है।

जिसमें रैली, रांगोली, भजन, डोर टू डोर संपर्क, स्लोगन लेखन, दीवार लेखन नाटक आदि कार्य किये जा चुके हैं। आज आंगनवाडी केन्द्र पर मतदाता जागरूकता के गीत गाये गये। गीत के बोल हैं ''लोक तंत्र के महापर्व को



मिलकर हमें मनाना है , वोट डालने जाना है, हमें वोट डालने जाना है'' गीत गायन में सुगना बाई मांडवी, रेखा मेहरा,आशा यादव, रजनी मेहरा, वर्षा दुबे, कनक यादव,पूजा कहार, रंजीता यादव, सुनीता अनुसुईया सहित सचिव गणेश मेहरा एवं महिला बाल विकास विभाग से सुपनवाईजर सरोज कमलपुरिया ने भागीदारी की। जनपद पंचायत सीईओ हेमंत सूत्रकार ने बताया कि मतदान केन्द्र 207 आमूपुरा में आमूपुरा एवं मंगवारी 2 ग्राम आते हैं जिनकी दूरी लगभग २ किलोमीटर है इस कारण यहां मतदान का प्रतिशत कम रहा है।

इस लोक सभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत ज्यादा हो इसके लिये सभी प्रयासरत हैं। आपने बताया कि मतदान केन्द्र पर 1199 मतदाता हैं जिन्हें जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। बीएलओ रंजीता यादव के द्वारा घर घर जाकर पर्ची बांटी जा रही है इस दौरान भी सभी मतदाताओं से मतदान करने के लिये अपील की जाती है ।

## श्रीराम जन्मोत्सव आज हर्षोल्लास के साथ मनेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम का जन्मोत्सव पतित पावनी मां नर्मदा धरा पर सनातन धर्म के साथ साथ समस्त धर्मप्रेमियों द्वारा बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मध्यान्ह 12 बजे धर्मप्रेमी भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर जन्मोत्सव मनाएंगें। वहीं शहर के सभी देवालयों में भगवान राम का जन्मोत्सव एवं संकीर्तन का आयोजन रखा गया है।

पं. शिशिर दुबे ने बताया कि अलसुबह से खेड़ापति हनुमान मंदिर में संकीर्तन समिति द्वारा अखंड कीर्तन किया जाएगा। वहीं नौ दिन की देवी उपासना के पश्चात श्रद्धालु मां भगवती की पूजान अर्चना एवं हवन शांति के साथ नौ दिन के कठिन उपवास को विराम देंगे।

# उपार्जन केंद्रों पर किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न हो: सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में निर्धारित उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न हो, कलेक्टर सोनिया मीना ने उक्त कार्यवाही करने के लिए जमीनी स्तर पर निरीक्षण करने के सर्व संबंधितों को निर्देश दिए है। इसी क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजान सिंह रावत ने विभिन्न उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। रावत ने उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्रों में किसानों को मिलने वाली सुविधाओं और व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर संबंधितों को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को किसी भी तरह की



परेशानी न हो। इस अवसर पर रावत ने मंडी बानापुरा में किसान संघ के प्रतिनिधियों से चर्चा की। रावत ने खरीद में तेजी लाने एवं उपार्जन केन्द्र पर और अधिक सुविधा बढ़ाने के निर्देश सर्व संबंधितो को दिए। सीईओ रावत ने मंडी सचिव को मंडी में किसानो द्वारा लाए जा रहे गेहूँ की गुणवत्ता और दर का विश्लेषण करने के भी निर्देश दिए। रावत ने समस्त उपार्जन केन्द्रों में संलग्न अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे उर्पाजन केन्द्रों पर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए हर स्तर पर व्यवस्थाएं सुदृण करें।

अनैतिक रिश्ते की परिणीति स्वरूप की गई बालक की निर्मम हत्या

# स्कूल से घर लाकर 6 साल के इकलौते मासूम की नृशंस हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल के सदर क्षेत्र में स्थित सेंट जोन्स इसाई कालोनी में मंगलवार दिनदहाड़े सुबह 11 बजे, 6 साल के बच्चे की गला काटकर नृशंस हत्या कर दी गयी। बताया जा रहा है कि आरोपी गणेश पिता रमेश मीणा निवासी हरदा खिरकिया ने स्कूल से बच्चे को लाकर सेंट जोन्स कालोनी में ले जाकर बीयर की बोतल से हत्या कर दी। बच्चे की मौके पर ही बच्चे की मौत हो गयी। शोर सुनकर कालोनी में रहने वाले लोग जैसे ही बाहर निकले, आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने उसे पकडक़र पुलिस के हवाले कर दिया।

बताया जा रहा है कि आरोपी कई दिनों से बच्चे की मां के साथ रहने की लिव इन में रहने की जिद कर रहा था। लेकिन बच्चे के भविष्य को देखते हुए उसकी मां ने मना कर दिया था। कयास लगाए जा रहे है कि बच्चे को रास्ते से हटाने के लिए ही उसकी हत्या कर दी गयी है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी पुलिस बैतूल शालिनी परते, गंज टीआई रविकांत डेहरिया और एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंच गयी और घटना की बारिकी से जांच की।





### जांच चल रही है

बच्चें की हत्या के मामले की जांच चल है। आरोपी को हिरासत में ले लिया है। जांच के बाद ही संपूर्ण घटना की जानकारी मिल पाएगी।

रविकांत डेहरिया
गंज थाना प्रभारी बैतूल

### साथ रहने की जिद कर रहा था आरोपी



घटना को लेकर मृतक की मां संगीता पति अरुण बिहारे ने बताया कि 16 मार्च को ही उसके इकलौते पुत्र शिवम उर्फ शिवा 6 साल का जन्मदिन था। वह नवीन प्राथमिक शाला सदर की दूसरी क्लास में पढ़ रहा था। सुबह ही वो अपने बच्चे को स्कूल छोडक़र आई थी। इसी बीच उसे जानकारी मिली कि उसके बच्चे की हत्या कर दी गयी है। संगीता ने बताया कि आरोपी का उससे मिलना जुलना था और आरोपी गणेश काफी दिनों से उसके साथ रहने की जिद भी कर रहा था लेकिन मैंने बच्चे के भविष्य को देखते हुए मना कर दिया था। मेरे साथ काम करने वालों ने भी बताया था कि गणेश तुम्हारे बच्चे की हत्या कर सकता है जिसकी रिपोर्ट आज मैं थाने में करने वाली थी, लेकिन इसके पहले ही मेरे बच्चे की हत्या कर दी गयी। पीड़ित महिला का कहना है कि वह अपने बच्चे के सहारे ही अपनी जिंदगी जी रही थी अब उसके बिना में भी जीना नहीं चाहती।

### कॉलोनीवासियों ने दिया जागरूकता का परिचय

*घटना को लेकर ईसाई कालोनीवासियों ने बताया कि सुबह लगभग 11 बजे शोर सुनकर वे जैसे ही बाहर निकले, सडक़ पर एक आदमी दिखाई दिया जो भागने की कोशिश करने लगा था। उसके हाथों में खून देखने के बाद कालोनी में ही रहने वाले युवकों ने उसे पकड़ लिया। मौके पर देखा तो बच्चे की खून से लथपथ लाश पड़ी हुई थी पास ही बीयर की टूटी बोतल पड़ी हुई थी। आरोपी ने बच्चे की गर्दन पर कई वार किए थे और शरीर पर भी अन्य जगह वार किए थे। पास ही बच्चे का स्कूल बैग भी पड़ा हुआ था। घटना के बाद सभी दहशत में आ गए और आरोपी को तब तक पकड़ कर रखा, जब तक पुलिस मौके पर नहीं आ गयी। पुलिस के आने के बाद आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया। फिलहाल आरोपी पुलिस हिरासत में है। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था। आरोपी को गिरफ्तार करने में एस. आई. वंशज श्रीवास्तव, एस.आई. अजय रघुवंशी, प्रधान आरक्षक चंद्रकिशोर, आरक्षक मयूर- पिंटू, आरक्षक रूपाली की महत्वपूर्ण भूमिका रही।*

खाई में गिरे दंपती, हालत गंभीर

# बरेठा घाट में चलती बाइक पर कूदा बारहसिंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भोपाल नेशनल हाईवे पर रविवार रात एक चलती बाइक पर बारहसिंगा कूद गया। घटना में बाइक सहित दंपत्ति खाई में गिर गए। जिन्हें गंभीर चोट आने पर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती किया है।

जानकारी के अनुसार मानवेंद्र सिंह कुशवाहा (36) वर्ष और उनकी पत्नी प्रियंका कुशवाह (28) निवासी शाहपुर दोनों पति-पत्नी बाजारों और मेलों में नाश्ते की दुकान चलाते हैं। कुछ दिनों से वे गांव केसिया में लगे मेले में नाश्ते की दुकान चला रहे हैं। रविवार रात यह दंपती शाहपुर में रह रहे अपने बच्चों के घर में अकेले होने के कारण उनसे मिलने बाइक से जा रहे थे। रात करीब 2 बजे दोनों बाइक से बरेठा घाट के उतार में उतर रहे थे। तभी रास्ते में बरेठा घाट मंदिर के पास सडक़ पर अचानक एक बारहसिंगा बाइक पर कूद प?ा। उसने बाइक को साइड से अपने सिंग से टक्कर मार दी। इससे बाइक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। घटना इतनी अचानक हुई की पति पत्नी को बचने और संभलने का मौका ही नहीं मिला। दोनों घाट की खाई में बाइक समेत जा गिरे। घटना के बाद राहगीरों ने दोनों पति-पत्नी को गंभीर हालत में शाहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सोमवार सुबह 4 बजे के करीब 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल बैतूल रेफर कर दिया गया है। फिलहाल दोनों ही घायल अस्पताल बैतूल में भर्ती कराया गया है। जहां पर डॉक्टरों द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है।

# भारत आदिवासी पार्टी के विधिक सलाहकार बने हेमंत सरियाम



**बैतूल।** भारत आदिवासी पार्टी ने वरिष्ठ आदिवासी नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत सरियाम को भारत आदिवासी पार्टी जिला बैतूल के विधिक सलाहकार के पद पर नियुक्त किया है। केन्द्रीय एकीकरण समिति के अनुमोदन निर्देशन के बाद हेमंत सरियाम को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपर गई। नियुक्ति के साथ ही भारत आदिवासी पार्टी द्वारा श्री सरियाम से यह अपेक्षा व्यक्त की गई है कि वह जनप्रतिनिधि सलेक्शन प्रणाली का पालन करेंगे। भारत आदिवासी पार्टी के द्वारा नियुक्ति की यह सूचना कलेक्टर, जिला निर्वाचन अधिकारी व एसपी को प्रेषित की गई है।

# श्री विनायकम स्कूल में धूमधाम से मनाया गया श्रीराम जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान श्री विनायकम स्कूल में सांस्कृतिक गतिविधियों से सुसज्जित कार्यक्रम में श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया।

जनवरी 2024 में अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद ये पहली राम नवमी है, जिसे पूरा देश संपूर्ण जनमानस सहित धूमधाम से मना रहा है। श्री विनायकम स्कूल में भी ये पर्व धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम, श्री गणेश व मां सरस्वती जी के पूजन के साथ कार्यक्रम का पारंपरिक शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात, आरंभ हुआ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सिलसिला, जहां बच्चों ने श्रीराम स्तुति को भक्ति नृत्य द्वारा प्रस्तुत किया। साथ ही साथ श्री राम जी के भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर आर्ट एंड क्राफ्ट विधा में बच्चो के द्वारा श्रीराम जी की आरती हेतु आकर्षक पूजा थालियां बनाई गई, जिनके विजेताओं को मंच से पुरस्कृत किया गया। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा समस्त विद्यार्थियों को श्रीराम जी के जीवन से प्रेरणा लेकर व्यक्तित्व निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया गया एवं सभी विद्यार्थियों को श्रीराम जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।

6 से 7 हजार श्रद्धालु करते हैं प्रसादी ग्रहण

# बीजासनी मंदिर में नवमी पर आज होगा विशाल भंडारा



**बैतूल।** बीजासनी मंदिर बैतूल गंज का नवमी का भंडारा अपने विषेश स्वाद के लिए पूरे जिले में प्रसिद्ध है। आज बुधवार 17 अप्रैल को नवमी के दिन दोपहर 12 बजे भगवान लक्ष्मीनारायण एवं माता की आरती तथा कन्या भोज के साथ ही भंडारा प्रारंभ होगा जो दोपहर 3 से 4 बजे तक चलेगा। इस भंडारे में प्रतिवर्ष 6 से 7 हजार श्रद्धालु भोजन प्रसादी ग्रहण करते हैं। इस भंडारे की सबसे प्रमुख बात यह है कि एक हजार से भी अधिक लोग अपने नवरात्र का उपवास भंडारे के प्रसाद से ही छोड़ते हैं। मंदिर समिति ने समस्त धर्मप्रेमियों को भंडारे में सपरिवार शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया है।

# नाटिका और मेहंदी प्रतियोगिता से मताधिकार के लिए किया जागरूक

## शिक्षकों और पालकों को दिलाई मतदाता जागरूकता की शपथ

**बैतूल।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एकीकृत माध्यमिक शाला बडोरा में लघु नाटिका एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने मताधिकार के महत्व की जागरूकता फैलाई। विद्यार्थी मानसी, याचना, गुलाब, अक्षय, रवीना व संजना ने नाटिका में मतदाता जागरूकता को प्रस्तुत किया, यह पहल न केवल लोकतंत्र के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण है, बल्कि यह एक ऐतिहासिक परिवर्तन का संकेत भी है। बच्चों की नाटिका ने लोगों को स्वयं के विचारों का महत्व समझाया, जो एक सशक्त लोकतंत्र के आधार को मजबूत करता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार स्वीप जिला नोडल अधिकारी अक्षत जैन के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.अनिल कुशवाह के आदेश अनुसार जिला स्वीप यूथ आइकॉन अभिलाषा बाथरी ने इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों एवं पालकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। प्रधान पाठिका सुषमा दुबे ने बताया कि यह अभियान अब बच्चों द्वारा संचालित हो रहा है, जो लोगों को वोटिंग के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मतदाता जागरूकता अभियान पूरी तरह से हमारे बच्चों द्वारा संचालित है वे वोट देने के पात्र नहीं है, लेकिन उनका अपने आसपास बहुत प्रभाव होता है, उन्होंने बताया कि बच्चे आजकल बहुत जागरूक हैं और वह एक सार्थक समाज की आशा करते हैं।




पशु आहार संयंत्र के सुरक्षाकर्मियों से हो रही अवैध वसूली

# सुरक्षा अधिकारियों और मैनेजर पर मनमानी करने का आरोप

**सीहोर।** सीहोर से करीब पांच किमी दूर इंदौर-भोपाल राजमार्ग पर स्थित पशु आहार संयंत्र मनमानी का केन्द्र बना हुआ है। संयंत्र में काम करने वाले सुरक्षा गार्डों के वेतन सालों से तीन हजार रुपए महीने अवैध वसूली की जा रही है। सुरक्षा गार्डों ने इसकी शिकायत पांच दिन पहले कलेक्ट्रेट में की है, लेकिन अभी उनकी सुनवाई नहीं हुई है। इससे सुरक्षा गार्डों के समक्ष रोजी रोटी का संकट बन गया है। संयंत्र बीते करीब एक सप्ताह से बिना सिक्युरिटी के काम कर रहा है। यहां के सुरक्षा कर्मियों ने सुरक्षा अधिकारी और मैनेजर की मनमानी से तंग आकर अपनी वर्दियां टांगकर काम बंद कर दिया है। पचामा संयंत्र के गार्ड हर महीने की अवैध वसूली से यह लोग तंग आ चुके हैं। सुरक्षा एजेंसी के मालिक व संयंत्र मैनेजर से शिकायत के बाद भी कोई लाभ नहीं होने पर सुरक्षा कर्मियों ने यह कदम उठाया।

### कई सालों से चल रही अवैध वसूली


पशु आहार संयंत्र में सुरक्षा के लिए एक सिक्यूरिटी सर्विस के दर्जन भर से अधिक गार्ड तैनात किए गए है। इन गार्डों को प्रतिदिन 411 रूपए के हिसाब से वेतन दिया जा रहा है, जो 26 दिन कार्य करने पर 10 हजार छह सौ रुपए होते हैं। इन गार्डों ने कलेक्ट्रेट की शिकायत में आरोप लगाया कि प्रतिमाह वेतन में से संयंत्र पर तैनात सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रति गार्ड से तीन हजार रुपए तक की वसूली की जाती है।

एलएलबी की शिक्षा भोपाल से पूरी की

# शुभम रघुवंशी का यूपीएससी में सिलेक्शन, ग्राम में हर्ष

## यूपीएससी परीक्षा में हासिल की 556वी रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



मोरखा. निवासी अधिवक्ता भोजराज सिंह रघुवंशी और शासकीय शिक्षिका अनिता रघुवंशी के पुत्र शुभम रघुवंशी का यूपीएससी परीक्षा में सिलेक्शन हो गया। शुभम रघुवंशी की प्रारंभिक शिक्षा ग्राम मोरखा में हुई। उसके बाद हाईस्कूल शिक्षा बैतूल के गवर्नमेंट एक्सीलेंस स्कूल पूरी की। पांच साल की एलएलबी की शिक्षा बरकातुल्ल्ह विश्वविद्यालय भोपाल से पूरी की।

शुभम रघुवंशी ने लॉ की पढ़ाई के साथ ही यूपीएससी की पढ़ाई शुरू कर दी थी। लॉ शिक्षा पूरी करने के बाद दिल्ली में जाकर यूपीएससी की कोचिंग की। अपने तीसरे प्रयास में ही शुभम रघुवंशी ने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर 556 वी रैंक हासिल की। शुभम रघुवंशी के अथक प्रयासों और मेहनत के परिणाम ने पूरे परिवार, समाज सहित पूरे ग्राम का नाम रोशन कर दिया। शुभम के बड़े पापा के लड़के युगल रघुवंशी भी न्यायाधीश के पद पर कार्यरत हैं। वर्तमान में हाई कोर्ट जबलपुर में ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी के पद पर कार्यरत हैं। भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेंद्र रघुवंशी के चाचा के लड़के हैं शुभम रघुवंशी। इस प्रकार परिवार में प्रशासनिक,न्यायिक और राजनीतिक सभी क्षेत्रों में परिवार के सदस्य हैं। मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने शुभम रघुवंशी के यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने पर बधाई और शुभकामनाएं भेजी हैं।

# पत्नी की स्मृति में रक्तदान और देहदान का लिया संकल्प



**बैतूल।** अपनों की स्मृति को स्थाई बनाने के लिए जनहित व सेवा कार्य से बड़ा कोई काम नहीं है। परिवार में दिवंगतों के जन्मदिवस और पुण्यतिथि पर रक्तदान कर लोगों की दुआएं तो मिलती ही हैं साथ ही आत्म संतुष्टी का भी अनुभव होता है। समाजसेवी देवेन्द्र बर्थे ने अपनी स्व.पत्नी हर्षा बर्थे के जन्मदिवस पर रक्तदान और देहदान का संकल्प लिया। श्री बर्थे इससे पूर्व भी 22 बार रक्तदान कर चुके हैं। उनकी पत्नी का दुखद निधन 24 वर्ष की अल्पायु में दो वर्ष पूर्व हो गया था। इस अवसर पर उपस्थित डॉ.योगेश पंडग्रे, डॉ.अरूण जयसिंगपुरे, डॉ.सौरभ राठौर, रितेश बर्थे ने श्री बर्थे की इस सेवा भावना की सराहना की।

# रासेयो स्वयं सेवकों ने यात्रियों को मतदान के लिए किया जागरूक




**बैतूल।** लोकतंत्र की नींव मजबूत करने के लिए मतदान जरूरी होता है। इसी उद्देश्य को लेकर लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत, मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, जिला नोडल अधिकारी अक्षत जैन के मार्गदर्शन में जेएच कॉलेज के एनएसएस के स्वयंसेवक लगातार मतदान के लिए लोगों को जागरूक कर रहें हैं। इस तारतम्य में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता को लेकर रेलवे स्टेशन पर रैली निकाली तथा यात्रियों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। उन्होने यात्रियों को अपने बहुमूल्य मताधिकार के विषय में बताया। रेल्वे स्टेशन बैतूल एसएम वीके पालीवाल ने स्वयंसेवकों के इस प्रयास की सराहना की। गर्मी के चलते हुए दूर-दूर से ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई और उन्हें पानी पिलाया। अभियान को सफल बनाने में स्वयंसेवक कोमल देशमुख, अंजलि नागोरे,आयुष घिंडोडे, दीक्षित झाडे, गंगा बडगारिया, माधुरी असवारे, रोहित परते, श्रेया, निहारिका, आयुष नागोरे, निशा पदाम आदि स्वयंसेवकों का सरानीय योगदान रहा।

एनएचआई ने नहीं दी मीडियम ओपनिंग, डिवाइडर तोड़कर लोग करते हैं हाईवे क्रॉस

# हाईवे एनस मोड पर कार से टकराई बाइक, तीन लोग गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई




बैतूल नेशनल हाईवे 47 के एनस मोड पर दोपहर डिवाइडर पार कर एनस की ओर जा रही बाइक तेज रफ्तार कार से टकरा गई। जिसके चलते बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और कार की टक्कर से बाइक भी दूर जा फिकाई। सड़क दुर्घटना की सूचना तत्काल 108 एंबुलेंस पर दी गई। जिसके बाद जननी 108 एंबुलेंस के चालक दीपक पाल एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे और तीनों घायलों को मुलताई नगर के सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार बताया जा रहा है कि चंदोरा निवासी धनराज करदाते दो महिलाओं के साथ बाइक से एनस की ओर जा रहे थे, कि तभी नेशनल हाईवे 47 पर डिवाइडर पार करते समय मुलताई की ओर जा रही तेज रफ्तार कार से जा भिड़े। जिससे कि उनकी बाइक दूर फीका गई और कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि कार में बैठे व्यक्ति कोई घायल नहीं हुए। लेकिन बाइक पर सवार धनराज करदाते और दो अन्य महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। जिनका मुलताई नगर के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया।

### मोही से आरटीओ तक जगह-जगह तोड़ दिए डिवाइडर

*ग्राम मोही से आरटीओ बैरियर तक 5 किलोमीटर के दायरे में लगभग एक दर्जन ग्राम आते हैं किंतु यहां नेशनल हाईवे ने एप्रोच रोड ,मीडियम ओपनिंग नहीं दी है जिसके चलते लोगों को अपने ग्राम पहुंचने के लिए या तो लंबा रास्ता तय करके वापस आकर ग्राम जाना पड़ता है या फिर रांग साइड से अपने ग्राम की ओर पहुंचना होता है । उभारिया के पूर्व सरपंच ताकि उल हसन रिजवी बताते हैं कि इसका ग्रामीणों ने भी आसान रास्ता निकाल लिया है और जगह-जगह अवैध रूप से नेशनल हाईवे के मध्य के डिवाइडर को तोड़कर रास्ता बना दिया किंतु जब लोग इन तोड़े हुए डिवाइडर से हाईवे पार करते हैं तो आए दिन दुर्घटना होती है । किंतु ग्रामीण भी क्या करें हाईवे ने ध्यान देना चाहिए। अगर नगरकोट से आरटीओ 5 किलोमीटर की बात करें तो पांच स्थानों पर नेशनल हाईवे के सेंट्रल डिवाइडर तोड़कर रास्ते बनाए गए हैं और यहां इससे पूर्व में गंभीर दुर्घटनाएं भी हो चुकी है।*

### रावण के अधर्म पर श्री राम के धर्म की हुई जीत: साध्वी नीलम गायत्री

# आज मनेगा भव्य श्रीराम जन्म महोत्सव दोपहर 12 बजे होगा रामलला का जन्म

**नौवीं तिथि पर रामकथा के दौरान व्यासगादी से साध्वी नीलम गायत्री द्वारा उपस्थित धर्म प्रेमियों को श्रीराम जन्मोत्सव की कथा का रसपान कराया जाएगा। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमियों से उक्त धार्मिक आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ अजिर्तत करने की बात कही।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मनुष्य सोचता है कि उसने दर्जनों दान, धर्म, पुण्य और सत्कर्म करके जीवन में सब कुछ हासिल कर लिया है। इन सत्कर्मों को वह अपनी ढाल समझकर यह धारणा बना लेता है कि अगर में कुछ अधर्म या पाप करूंगा तो ईश्वर उसे माफ कर देंगे। जिससे मेरे पाप पुण्य का संतुलन बना रहेगा और मुझे पाप का फल नहीं भोगना पड़ेगा। ऐसी ही बातों का अहंकार लंका के राजा रावण को



भी हो गया था। प्रकांड पंडित, शिव भक्त, लंका का साम्राज्य, चारो लोक जीतने वाले रावण को यह अहंकार हो गया था कि वह एक स्त्री का हरण करके आसानी से जीवित रह लेगा और संसार में कोई देव दानव उसका कुछ नही बिगाड़ पाएंगे लेकिन अधर्मी रावण के लिए नियति ने उसका अंत तय कर लिया था। श्रीराम जो एक साधारण मनुष्य के रूप में जन्मे और वनवासी हुए, उन्होंने रावण का वध करके हमेशा सत्कर्म करने का संदेश संसार को दिया। उक्त उद्गार जगतगुरु रामभद्राचार्य की परम शिष्या मानसमणि साध्वी पंडित नीलम गायत्री ने श्री राम जन्म महोत्सव समिति द्वारा 61वें वर्ष में आयोजित श्रीराम कथा के अष्टम दिवस पर व्यक्त किए। कथाव्यस नीलम गायत्री ने वानर सेना की सहायता से श्रीराम के लंका पहुंचने। अंगद रावण संवाद, श्रीराम रावण युद्ध के विभिन्न दृश्यों एवं घटनाओं की मार्मिक कथा विस्तार से श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर परिसर में मौजूद धर्म प्रेमी श्रोताओं को सुनाई। आयोजन समिति के संरक्षक प्रमोद पगारे ने जानकारी देते हुए बताया कि नौ दिवसीय श्री राम कथा का समापन बुधवार को श्री राम नवमी के अवसर पर होगा। बुधवार की कथा सुबह 10 बजे से दोपहर 11,45 बजे तक होगी। जिसमे दोपहर 12 बजे भव्य और अलौकिक श्रीराम जन्म महोत्सव मनाया जायेगा। ठाकुर श्री द्वारकाधीश धनुर्धारी राम बनेंगे ।इस अवसर पर ठाकुर श्री द्वारकाधीश का रामलला के स्वरूप में श्रृंगार होगा एवं पूजन अर्चन किया जायेगा। श्री पगारे ने कहा कि 500 वर्षों के बाद अयोध्या में श्रीरामलाल का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। जिसके चलते इटारसी नगर के समस्त सनातनी बंधुओ को रामनवमी के अवसर पर अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों में दीप जलाने का आग्रह मंदिर समिति कर रही है। श्री राम जन्म महोत्सव समिति के अध्यक्ष सतीश अग्रवाल सावरिया,कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक ,सचिव अशोक शर्मा,कोषाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा ने बताया कि शाम 5 बजे बड़ा मंदिर से श्रीराम नवमी का विशाल जुलूस निकलेगा जिसमे अधिक से अधिक संख्या में लोग उपस्थित हो यह आग्रह है। समिति के प्रवक्ता भूपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि कथा में समिति के अध्यक्ष सतीश अग्रवाल सावरिया, कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक, सचिव अशोक शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष अमित सेठ सहित रेवांचल कुर्मी गौर समाज एवं पटेल समाज सेवा समिति के मोहनलाल गौर, संजय गौर, डॉ रूपेश गौर, कमलेश गौर, अनिल गौर, सुरेश चिमानिया, बीएल गालर, गोविंद दास गौर, केसी गौर, ब्रिज किशोर गौर, मनोज चौरे, हरिओम गौर, सुनील गौर, वीरेंद्र दीक्षित, सुभाष मालवीय, गुलाब चंद्र अग्रवाल सहित अन्य धार्मिक सामाजिक बंधुओ ने कथाव्यास का पुष्पहार से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक तिवारी ने किया। बता दे कि श्री द्वारकाधीश बड़ा मंदिर की इस भव्य रामकथा में बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों के महिला पुरुष श्रोता आ रहे हैं। समिति के द्वारा सभी की व्यवस्था की जा रही है। संगीत कलाकार तबला पर रामदास जी, ओक्टोपेड पर विजय मिश्रा एवं आर्गन पर पवन गोस्वामी की संगत ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। शोभा यात्रा का मार्गः- श्री द्वारकाधीश मंदिर की परिक्रमा करते हुए मराठी स्कूल के सामने से नवमी लाइन सराफा बाजार होते हुए तीसरी लाइन से पहली लाइन से जयस्तम्भ होते हुए वापस द्वारकाधीश मंदिर पर शोभा यात्रा का विचार होगा।

## भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी ने मनाया बाल सखा का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



अजाक्स संघ के जिला अध्यक्ष शिवराम एक के 50 में जन्मदिन के अवसर पर अचानक उनके निवास पर पुष्पहार एवं मिठाई लेकर होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी स सोमवार की रात 10:30 बजे अचानक शिवराम उईके के घर पहुंचे तो पूरा मोहल्ला आश्चर्यचकित रह गया एवं शिवराम उईके की खुशी का पारावार ना रहा क्योंकि आज उनका 50 वां जन्मदिन था एवं उनके जन्म दिन पर बधाई देने उनके बचपन के मित्र वर्तमान लोकसभा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी का आगमन हुआ था। अपने साथ पढ़े परम मित्र दर्शन सिंह चौधरी के बारे में जब वहां उपस्थित पत्रकारों ने जानकारी ली तो शिवराम उईके ने बताया हम और दर्शन सिंह चौधरी नवोदय विद्यालय पवार खेड़ा में कक्षा छठवीं से दसवीं एक साथ पढ़ने के साथ ही मात्र हम दो छात्र हायर सेकेंडरी की पढ़ाई के लिए नवोदय से ही कर्नाटक गए जहां हम दोनों ने साथ रहकर शिक्षा प्राप्त की वहां अपने क्षेत्र से मात्र हम दो ही छात्र थे। आगे अपनी किशोर अवस्था की यादें ताजा करते हुए दर्शन सिंह चौधरी ने बताया कर्नाटक में हम दोनों मित्र एक साथ रहते थे उस जमाने में मोबाइल इत्यादि संचार की आधुनिक सुविधा नहीं होती थी परिवार के सदस्यों से चिट्ठी के जरिए ही बात होती थी एवं वर्षभर में एक माह के लिए ही हम दोनों अपने घर आते थे शिवराम और मैं नवोदय से ही साथ रहे और हमेशा मिलते रहते हैं इस बार हमारे मित्र का 50 वां जन्मदिन है जो बड़ा खास रहा मैं भी क्षेत्र में प्रचार पर था तो सोचा अचानक बिना बताए पहुंचकर बधाई अपने मित्र को आत्मीय बधाई होगी आज मैं बहुत खुश हूं। जन्मोत्सव पर पधारे दर्शन सिंह चौधरी को शिवराम उईके ने अपने साथ केक काटकर जन्मोत्सव मनाने के बाद एक स्मृति चिन्ह दर्शन सिंह को भेंट कर धन्यवाद प्रेषित किया।

## श्रीराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर रामभक्तों ने निकाली भगवा रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव को लेकर हिंदू उत्सव समिति के सदस्यों में खासा उत्साह है समिति के सदस्यों ने बताया कि इस बार नगर में राम जन्म उत्सव को भव्य एवं दिव्या तरीके से मनाया जाएगा जिसकी पूर्ण तैयारी हो चुकी है संपूर्ण नगर को भगवा झंडियों एवं पताकाओं से सजाया गया है नगर के सभी मंदिरों में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म उत्सव को लेकर विशेष पूजा अर्चना एवं विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे पूर्व संध्या पर समिति के सदस्यों द्वारा विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया है जो कि नगर के समस्त प्रमुख मार्गों पर भ्रमण कर रही है।

## लेखक आनंद प्रकाश शर्मा दिल्ली में हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर के प्रतिष्ठित लेखक आनंद प्रकाश शर्मा को नई दिल्ली में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड कन्वोकेशन अवार्ड सेरेमनी में हजार कविताओं का रिकॉर्ड स्थापित करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आनंद प्रकाश शर्मा ने देशभर से आए विभिन्न रिकॉर्ड धारी को साहित्य में कविता का अनुसार रिकॉर्ड बनाने को लेकर भी संबोधित किया कविताओं का पाठ भी किया आनंद प्रकाश शर्मा क्षेत्र की एकमात्र लेखक कवि हैं जिन्होंने एक ही वर्ष में साहित्य साथ विभिन्न वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हैं इससे पहले देश में ऐसा संभव नहीं हुआ है। इस हेतु उन्होंने वर्ल्ड रिकॉर्ड यूनिवर्सिटी वियतनाम द्वारा इसी वर्ष डाक ट्रेड की मानव उपाधि प्रदान की गई है सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंडरी परिवार के द्वारा संचालक आनंद प्रकाश शर्मा का स्वागत किया गया। जिसमें भगवती प्रसाद तिवारी, आशीष स्वामी, अंजू जाटव, अनीता बतरा, शशि मालवी, रोशनी बाजरे, पिंकी पटेल समस्त स्टाफ वेद प्रकाश व्यास के द्वारा मंच का संचालन किया गया स्कूली छात्र-छात्राओं एवं विभाग को वह नगर के लेखक साहित्यकारों के द्वारा भी उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी गई।

## गौशाला से अतिक्रमण हटाने विहिप व बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम सीटिया गोहना में गौ शाला संचालित है लेकिन उक्त गई शाला में अतिक्रमण है जिसके चलते गौ शाला संचालित करने में अनेकों बाधाएं उत्पन्न हो रही है । विश्व हिंदू परिषद कर बजरंग दल ने ज्ञापन के माध्यम से उक्त गौ शाला में किए गए अतिक्रमण को हटाने के



प्रशासन से निवेदन किया गया है । अधिवक्ता शिवकुमार पटेल ने बताया कि वाहन रैली के समापन के बाद ग्राम सीटिया गोहाना में स्थित गौशाला की भूमि पर से शीघ्र अतिक्रमण हटाने के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा एसडीम महोदय को ज्ञापन सोपा गया। शीघ्र कार्यवाही ना होने पर विश्व हिंदू परिषद अपने स्तर पर उक्त अतिक्रमण को हटाने के लिए विचार करेगा ।

## पूनम दीदी पुण्य स्मृति दिवस पर कार्यक्रम हुआ

माखननगर। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी इश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा माखन नगर द्वारा आश्रम में आदरणीय पूनम दीदी जी की तृतीय पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। पिपरिया सेवाकेंद्र प्रभारी आदरणीय सैलम दीदी जी ने कार्यक्रम मे उपस्थित हुई सभी कन्याऔ को जीवन मे नैतिक मूल्यो से अवगत कराते हुए कहा जैसे नवरात्री मे दैवी की पुजा होती है वैसे ही आप अपने चरित्रवान गुणवान बनाये। भोपाल से आई आदरणीय अंजु दीदी ने पुनम दीदी श्रद्धांजली अर्पित कर शुभ भावना व्यक्त की। बीके निर्मला बहन द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में बीके अनिता दीदी, बीके सुनीता दीदी,बीके पूजा बहन ,बीके कंचन बहन एवं सभी ईश्वरीय परिवार उपस्थित रहे। अंत में सभी भाई बहनो को बह्माभोजन कराया गया।

## सर्वेश्वरी धाम मंदिर में आज होगा कन्या पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



नगर के स्टेशन रोड मंडी गेट के पास स्थित मां सर्वेश्वरी धाम मंदिर पर शारदीय नवरात्र एवं चैत्र मास की नवरात्रि को ग्राम वासियों द्वारा एकम के दिन से नवमी तक प्रतिदिन कन्याओं का पूजन करके उन्हें रुचिकर भोजन कराया जाता है सर्वेश्वरी धाम मंदिर की सजावट की जाती है भजनों एवं देवी के पारंपरिक जसों का आयोजन किया जाता है।

## रामभक्तों ने निकाली विशाल भगवा वाहन रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

रामनवमी की पूर्व संध्या पर सोहागपुर नगर में शंकर मंदिर से वाहन रैली निकाली गई।जिसमे सैंकड़ों रामभक्त सम्मिलित हुए ।भगवा रैली शंकर मंदिर से प्रारंभ होकर रामगंज तिगड्डआ, राजो दीदी के घर के पास से,रामगंज पलकमती रिपटा, खेड़ापति मंदिर मातापुरा, बिहारी चौक ,कन्यशाला,रंगीराम चौराहा, पुराना थाना, श्रीराम चौराहा, पलकमती ब्रिज,मारुपुरा (रामप्रसाद वार्ड), स्टेशन चौराहा,कोर्ट चौराहा, पलकमती ब्रिज ,श्री राम चौराहा, कमानिया गेट, बिहारी चौक , रामगंज टिकट्डा, जायसवाल पेट्रोल पंप, कोर्ट चौराहा, पलकमती ब्रिज,श्री राम चौराहा के बाद काली मंदिर में संपन्न हुई।





















## खबर संक्षेप

### 6 माह से नहीं मिला अतिथि शिक्षकों को वेतन

**हरदा।** जिले में कार्यरत करीब दो दर्जन से अधिक अतिथि शिक्षकों को बीते 6 महीने से वेतन नहीं मिला है। इस विषय को लेकर जिलेभर के अतिथि शिक्षकों ने डीईओ से मुलाकात कर उन्हें मानदेय देने की गुहार लगाई, लेकिन अब तक कोई हल नहीं निकल पाया है। अतिथि शिक्षिका कविता राजपूत ने बताया कि अधिकांश अतिथि शिक्षकों को जॉइनिंह करने के बाद से ही मानदेय नहीं मिल पाया है। गत एक अप्रैल को डीईओ ने उन्हें डीपीआई में जानकारी भेजने को कहा गया था, लेकिन अब तक जानकारी नहीं भेजी गई है। इस मामले में शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पोर्टल नहीं खुल पाने के चलते यह समस्या आ रही है।

### 18 को होगा 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**हरदा।** 18 अप्रैल को नर्मदा तट पर बनी धर्मशाला में बलाही समाज जन सहयोग के माध्यम से 21 जोड़ों का निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है। निशुल्क विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष कैलाश हीरे व अधिवक्ता सुखराम बामने ने बताया कि आचार संहिता लगने के चलते शासन स्तर पर होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन नही हो पाए है। इसी के चलते बलाही समाज ने सामाजिक सहयोग से निर्धन परिवार की बेटियों के विवाह करने का निर्णय लिया गया। जिसमें प्रथम बैठक में ही 17 लोगों ने एक एक की जिम्मेदारी ली। इसके बाद दूसरी बैठक में दो लोगों ने भी एक एक जोड़े की जिम्मेदारी उठाने की सहमति प्रदान की गई। इसके बाद समिति ने कोषाध्यक्ष आत्माराम साठे का बार कोड सामाजिक ग्रुपों पर शेयर किया गया। जिस पर इंदौर,भोपाल, खंडवा, नर्मदापुरम के अलावा महाराष्ट्र, हरियाणा सहित अन्य स्थानों पर रहने वाले लोगों ने सहयोग राशि प्रदान की गई। इस तरह सोशल मीडिया के जरिए विवाह सम्मेलन के लिए सामाजिक बंधुओं ने करीब तीन लाख रुपए की राशि प्रदान की है। उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल को हंडिया धर्मशाला में सामाजिक विवाह सम्मेलन की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिसमें कन्याओं को दहेज देने के साथ साथ घरातियों ओर बरातियों के लिए ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था भी समिति ने की है।

### काली मंदिर में चल रही पूजा पाठ

**खिरकिया।** नगर का काली मंदिर जिले के प्राचीन मंदिरों में आता है। यह खिरकिया और आसपास के ग्रामीण अंचल के लोगों की आस्था का केंद्र है। 11 मार्च 1987 को काली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। तभी से चैत्र और कुंवार का नवरात्र पर्व यहां धूमधाम से मनाया जाता है और हमेशा सुंदरकांड और रामायण के पाठ होते हैं। इस चैत्र नवरात्र में यजमान, समाजसेवी डॉ. द्वारका प्रसाद पांडे, वत्सला पांडे एवं अनुष्ठान आचार्य पं. संतोष सिटोके एवं मंदिर पुजारी पं. अरुण मुद्गल के सानिध्य में वार्ड एवं नगरवासियों के साथ मिलकर श्रद्धा और भक्ति के साथ नवरात्रि मनाया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन प्रातः काल में मातारानी का अभिषेक एवं पूजा-अर्चना के बाद प्रातः 10 बजे आरती करते हैं। रात्रि 8 बजे से सभी भक्त उत्साह, उमंग और श्रद्धा के साथ नवरात्रि माना रहे हैं। वहीं अष्टमी तिथि पर मंगलवार को रात्रि 9 बजे से प्रातः तक एवं भोर वेला में हवन की पूर्ण आहुति के साथ ही हवन होगा। नवमी तिथि को राम नवमी के दिन प्रातः 10 बजे से कन्या भोज एवं प्रसाद का आयोजन किया जाएगा।

### राशन के स्टॉक में अनियमितता बरतने पर पद से हटाने के आदेश

**खंडवा।** विकासखंड बलड़ी स्थित सेवा सहकारी समिति सोमगांवखुर्द द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान लहाड़पुर की जांच खाद्य विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रदीप मिश्रा द्वारा की गई। जांच के दौरान राशन के स्टॉक में अनियमितता पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया। प्रकरण अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरसूद द्वारा कार्यवाही कर अंतिम निराकरण में विक्रेता रमेशचंद्र उईके पर 13,87,477 रुपए वसूली के आदेश तथा विक्रेता पद से हटाने के आदेश पारित किए गए।

## जल संग्रहण के स्थान बसाड़ में दीवार टूटने से रोका काम

# 131 करोड़ रुपए की योजना का समय निकालने के बाद भी नहीं हुआ काम पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर



जिले की लगभग चार लाख से अधिक की आबादी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम ने विश्व बैंक के सहयोग से ताप्ती जल आवर्धन योजना का काम 2017 से प्रारंभ कराया था। आज दिनांक तक लगभग 131 करोड़ की यह योजना अधर में लटकी है और जिलेवासियों को इससे जल प्राप्त नहीं हो रहा है।

गौरतलब है बसाड़ में ताप्ती नदी पर बने बांध से लगी रिटेंशन वॉल घटिया निर्माण के चलते टूट गई है जिससे बाढ़ आने पर बसाड़ और उमरदा ग्राम के किसानों की खड़ी फसलें बह गई हैं। उक्त दीवार निर्माण का कार्य मुंबई की एक अन्य कंपनी कल्पतरु को अब दिया गया है। किसानों ने रोष व्यक्त करते हुए नए कार्य को उमरदा की ओर से फिलहाल रुकवा दिया है और मांग की है कि पहले मुआवजा उसके बाद ही कार्य को प्रारंभ किया जाए। मंगलवार को नेपानगर तहसीलदार ने मौका स्थल पर पहुंचकर किसानों से बातचीत की और कार्य प्रारंभ करवाने की कोशिश की परंतु किसान अपनी बात पर अड़े रहे। सामाजिक कार्यकर्ता ठाकुर प्रियांक सिंह ने तहसीलदार से यथाशीघ्र आरबीसी 6.4 के तहत मुआवजा राशि उपलब्ध कराने का किसानों के समक्ष आवेदन दिया। सामाजिक कार्यकर्ता और बुरहानपुर मज़दूर यूनियन अध्यक्ष ठाकुर प्रियांक सिंह ने कहा ताप्ती जलावर्धन योजना में निर्माण एजेंसी जेएमसी है जो प्रारंभ से ही विवादों में रही है। समाजसेवी आयुष भावसार ने कहा कंपनी द्वारा इतनी लापरवाही बरतने के बाद भी कोई नेता मुंह खोलने को तैयार नहीं हो रहा है। उल्लेखनीय है कि निर्माण एजेंसी जेएमसी को दो साल में काम पूरा करना था लेकिन कंपनी ने छह साल बाद भी इसे पूरा नहीं किया है। इस बीच प्रदेश सरकार और एमपी यूडीसी के अफसरों ने निर्माण एजेंसी को छह बार एक्सटेंशन दिया है। आमतौर पर एक या दो एक्सटेंशन के बाद भी काम पूरा नहीं होने पर संबंधित एजेंसी को बदल दिया जाता है और उसे ब्लैक लिस्टेड कर दिया जाता है। इस योजना में आश्चर्यजनक पहलू यह भी है कि इसकी मॉनिटरिंग का पूरा काम एमपीयूडीसी के अफसर भोपाल से कर रहे हैं। अगर अधिकारी कार्य निरीक्षण ठीक से करते तो आज अन्नदाता किसानों को यह संकट नहीं आता। तहसीलदार के समक्ष प्रदर्शन करते समय नंदलाल परदेसी, ईश्वर मल्ला, प्रकाश चुन्नीलाल, बाबूलाल परदेसी, शोभाराम परदेसी, लक्ष्मण दयाराम, अशोक मोहन, सुभाष मोहन, बीनाबाई गेंदालाल आदि पीड़ित किसान उपस्थित रहे।

**इनका कहना है...**

सितंबर में जो बाढ़ आई थी उसके कारण मिट्टी बह गई थी। अब हम पूरा काम पक्का कर रहे हैं। मजबूत कर रहे है जिससे बुरहानपुर की जनता को साफ सुथरा पानी मिल सके। उस समय भी अच्छा काम किया था, लेकिन बाढ़ खतरनाक होने के कारण मिट्टी बह गई। अब और मजबूती के साथ काम कर रहे हैं।

-**प्रमोद गढ़वाल,** परियोजना प्रबंधक एमपीयूडीसी

## मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया

# कलेक्टर सिंह ने टिमरनी क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया



**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने मंगलवार शाम को टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वहां मतदाताओं के लिए मूलभूत आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने टिमरनी शहर के मतदान केंद्रों के अलावा ग्राम नौसर, पोखरनी, करताना, गोंदागांव खुर्द व गोंदागांव कला के मतदान केंद्र भी देखें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया और एसडीएम टिमरनी महेश बडोले सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। कलेक्टर ने मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि सभी मतदान केंद्रों को आकर्षक ढंग से मतदान के लिए तैयार किया जाए। उन्होंने मतदान केंद्रों की रंगाई व पुताई करवाने, मतदान केंद्रों पर विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप की व्यवस्था और मतदाताओं के आने व जाने के लिए अलग-अलग मार्ग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने सीएम राइज स्कूल करताना का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में विद्यार्थियों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र को निर्देश दिए कि स्कूल जाने योग्य कोई भी बच्चा स्कूल में प्रवेश से छूट न जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम नौसर में क्षतिग्रस्त एवं अनुपयोगी स्कूल भवन को गिराने की कार्यवाही करने के लिए एसडीएम बडोले को निर्देश दिए। उन्होंने कृषि उपज मंडी टिमरनी के कृषक विश्रामगृह स्थित मतदान केंद्र को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में तैयार करने के निर्देश मंडी सचिव को दिए।

## औचक निरीक्षण...

# कहीं शिक्षक नहीं तो कहीं मिला ताला शिक्षा के प्रति लापरवाह बन रहे शिक्षक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

बीएसी पीएस अहिरवार और सीएसी संजय वर्मा, सीएसी महेश चोरे, सीएसी द्वारा जनशिक्षा केन्द्र बालक रहटगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। प्राथमिक शाला चंद्रखाल का निरीक्षण किया जिसमें आशाराम सिलारे एवं मोनिका इनवाती, 2.15 बजे पर ईपीएस शाला डहेरिया का निरीक्षण किया गया, जिसमें मनीषा बबड़िया एवं संतोष कुमार मशकुले अनुपस्थित मिले। 2.50 बजे ईपीएस शाला चंदिया पूरा का निरीक्षण किया गया जिसमें शाला बंद पाई गई। यहां 4 शिक्षक पदस्थ है। इसके बाद 3 बजे ईपीएस शाला कुमरूम का निरीक्षण किया गया। जिसमें नीलम माझी अनुपस्थित मिली। अहिरवार द्वारा बताया गया, चंद्रखाल स्कूल में इससे पहले भी शिक्षक को कई बार मौखिक एवं लिखित जानकारी दी गई फिर भी शाला में बिना जानकारी के अनुपस्थित रहे। एवं समस्त शालाओं की जानकारी बीआरसी टिमरनी को दी गई है। उधर इस बारे में संकुल प्राचार्य द्वारा दूरभाष पर संपर्क किया गया तो बताया गया इस विषय में मेरे पास लिखित कोई भी सूचना नहीं है। ऐसा होता तो है नियम अनुसार जांच की जाएगी एवं कार्रवाई की जाएगी।

## महिलाओं ने की वोट देने के लिए अपील



**हरदा।** आगामी 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने को लेकर प्रशासन द्वारा अलग अलग गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत मंगलवार को जिले के ग्राम धनवाड़ा एवं सारंगपुर में बीते चुनाव में कम वोटिंग वाले क्षेत्र में महिला मतदाताओं को जागरूक करने के लिए गांव की महिलाओं ने वोट करने की अपील करते हुए वोट की बिंदी लगाई गई। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने एकत्रित होकर वोट डालने की शपथ भी दिलाई गई। इसी तरह जिले की कृषि मंडियों में अपनी उपज लेकर आने वाले किसानों की ट्रॉलियों में भी वोट की अपील के स्टिकर लगाए गए हैं, ताकि सभी गांवों में लोग वोट डालने के लिए जागरूक हो सकें।

# शिकारपुरा थाना पुलिस ने दर्ज किया आचार संहिता उल्लंघन का केस

**बुरहानपुर।** आचार संहिता उल्लंघन के मामले में शिकारपुरा थाना पुलिस ने डीजे संचालक, 3 नामजद लोगों सहित 5-6 के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायत नायब तहसीलदार बुरहानपुर राजेंद्रसिंह चौहान ने की थी। जांच के बाद पुलिस ने धारा 188 और 15 कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। शिकायत में नायब तहसीलदार ने पुलिस को लिखा कि दौलतपुरा जुलूस की अनुमति प्राप्त करने वाले आयोजकों और वाहन एमएच 43 बीजी 1487 के डीजे संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

उन्होंने लिखा आवेदक जितेंद्र पिता रविंद्र इंगले, गोविंदा पिता दिनकर तायड़े, रवि पिता भगवान सिंगोतिया तथा 5-6 लोगों द्वारा 14 अप्रैल शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक शाह बाजार पुलिस चाकी दौलतपुरा से काली मस्जिद, राजघाट, बाई साहब की हवेली, फव्वारा चौक, गांधी चौक, कमल तिराहा, तहसील कार्यालय, बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा पोस्ट ऑफिस बुरहानपुर तक रैली निकाले जाने और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति चाही गई थी। आयोजक को न्यायालय तहसीलदार व कार्यपालिक दंडाधिकारी बुरहानपुर के आदेश से शर्तों के आधार पर अनुमति दी गई थी जिसमें स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार कार्यक्रम के दौरान डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी के आदेश 16 मार्च 24 के तहत धारा 18 कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत आदेशित किया गया था कि 16 मार्च से 6 जून तक की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमाओं को कोलाहल नियंत्रण क्षेत्र घोषित किया गया है। उल्लेखित अवधि में सक्षम अधिकारी की लिखित अनुज्ञा के बिना जिले में में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। 14 अप्रैल को जुलूस के दौरान आयोजकों ने वाहन नंबर एमएच 43 बीजी-1487 जिस पर डीजे मयूर बैंड लिखा था वह रैली जुलूस में लेकर आए। नायब तहसीलदार ने कहा मैंने और थाना प्रभारी शिकारपुरा कमल सिंह पवार, उपनिरीक्षक अलीम उद्दीन और अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा भी समझाइश दी गई, लेकिन आयोजकों ने आदेश का पालन नहीं किया। जुलूस अवधि में रात 8 बजे से 11.30 बजे तक वाहन एमएच 43 बीजी-1487 के डीजे का संचालन आयोजकों और डीजे संचालक द्वारा बिना वैध अनुमति किया गया जो आचार संहिता उल्लंघन की श्रेणी में आता है। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया।

## पुरानी रंजिश के चलते युवक को चाकू मारकर किया घायल

### जिला अस्पताल में चल रहा उपचार

**बुरहानपुर।** पुरानी रंजिश के चलते एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। युवक का बुरहानपुर जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोहम्मद शाहरुख पिता मोहम्मद फरीद निवासी हमीदपुर वीरेंद्र कॉलोनी ने बताया कि सद्दाम नाम के युवक ने उनके साथ मारपीट की। पुरानी दुश्मनी के चलते सिर पर चाकू से वार किया जिसके कारण युवा गंभीर रूप से घायल है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है।

**इधर... होमगार्ड जवान बाइक फिसलने से घायलः** एक होमगार्ड जवान बाइक फिसलने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए बुरहानपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अरुण बारीबा निवासी नेपानगर ने बताया वह अपनी ड्यूटी के लिए बुरहानपुर आ रहे थे तभी रास्ते में अंबाड़ा के पास बाइक फिसलन से गड्ढे में जा गिरे। हादसे में उन्हें चोंटें आई।

# ग्रामोदय मेले में खाटूश्याम बाबा की भजन संध्या आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

बुधवार को श्रीराम नवमी पर खाटूश्याम बाबा की भजन संध्या एवं अखंड ज्योत का आयोजन होगा। इसमें हरियाणा के हिसार के प्रसिद्ध भजन गायक अभिनव ऐरन व भजन गायिका जिया परमार अपनी मधुर वाणी से बाबा श्याम का गुणगान करेंगे और भजनों की प्रस्तुति देंगे। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेला समिति ग्राम धामनगांव बुरहानपुर तथा भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक श्अर्चना चिटनिस द्वारा कार्यक्रम का आयोजन रात्रि 8 बजे से ग्राम धामनगांव स्थित मां वाघेश्वरी मंदिर परिसर में लगे ग्रामोदय मेले में होगा।

मां वाघेश्वरी मंदिर समिति अध्यक्ष अशोक पाटिल ने बताया कि मां वाघेश्वरी मंदिर पर माता के दर्शन तथा ग्रामोदय मेला में प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त आ रहे है। श्री राम नवमी के लिए विशेष तैयारी की जा रही है। श्रीमती चिटनिस ने



समस्त धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर श्री खाटूश्याम बाबा की भजन संध्या का लाभ लेने आह्वान किया है।

### कीर्तनकार ज्ञानेश्वर महाराज ने किया कीर्तन

मेले में कीर्तनकार ह.भ.प.ज्ञानेश्वर महाराज जळकेकर द्वारा हरिनाम कीर्तन सोहळा किया गया। जिसमें क्षेत्रवासियों ने उपस्थित होकर भजन-कीर्तन पर झुमें। ह.भ.प.ज्ञानेश्वर महाराज और कीर्तन मंडली के द्वारा संकीर्तन के माध्यम से माता का गुणगान किया। माता के भजनों पर लोग मंत्रमुग्ध हुए तो वहीं कीर्तन सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। इस दौरान माता के अलौकिक शक्तियों का वर्णन भी हुआ।

## चार आरोपियों से भरवाए 25-25 हजार के बंधपत्र

**खंडवा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अनूप कुमार सिंह ने आरोपी राजेन्द्र पिता भोलाराम चौकसे निवासी ग्राम गोदड़पुरा ओंकारेश्वर, राहूल पिता दिनेश मेवाडे निवासी बालवाड़ी ओंकारेश्वर, सुरेन्द्र पिता बलीराम गुर्जर निवासी ग्राम बलखड़ एवं अमर पिता जीवन चौकसे निवासी वार्ड क्रमांक 8 ओंकारेश्वर की आपराधिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए 25-25 हजार रूपये का बंधपत्र भरवाकर प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए हैं। आरोपियों को शर्तों का पालन करने संबंधी बंधपत्र भरना होगा। आदेश जारी होने की तिथि से आगामी 6 महीने तक आरोपियों को प्रत्येक माह के प्रथम एवं अंतिम सोमवार को संबंधित थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना होगी। इसके अलावा कलेक्टर सिंह ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर दो आरोपियों को जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। आरोपी करण पिता तिलक निवासी ग्राम बलवाड़ा एवं सन्नी उर्फ शनि पिता मंगू वर्मा निवासी वार्ड क्रमांक 15 ओंकारेश्वर को 6-6 माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। इस अवधि में ये जिला बदर आरोपी खंडवा जिले के साथ-साथ बुरहानपुर, खरगोन, देवास, बैतूल, हरदा एवं इंदौर जिले की सीमाओं में भी प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

# जिला पंचायत सीईओ ने किया विभिन्न कार्यों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा


मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने मंगलवार को जनपद पंचायत खंडवा क्षेत्र में भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम बेनपुरा कुरवाडा में वृक्षारोपण, सार्वजनिक पेयजल कूप, पोखर तालाब निर्माण कार्य, मियावाकी प्लांटेशन, का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने ग्राम माथनी बुजुर्ग में पोखर तालाब का एवं ग्राम सांवखेडा में चेकडेम निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। ग्राम सिवना में तालाब निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जनपद पंचायत खण्डवा के सहायक यंत्री दिलीप कैथवास, उपयंत्री एजाज खान एवं संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे।

# सड़क की गुणवत्ता को लेकर विधायक ने उठाए सवाल, वीडियो किया वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

टिमरनी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक अभिजीत शाह ने मंगलवार को सड़क की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े किए हैं। ग्राम कुहिगबाड़ी से तजपुरा तक बनने वाली सड़क पर अभिजीत ने कहा है की ठेकेदार ने सड़क बनाने में भारी भ्रष्टाचार किया है। सोशल मीडिया पर विधायक शाह ने एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत बनाई जा रही सड़क की गुणवत्ता को लेकर उन्होंने बीते छह दिनों पहले विभाग के एई राम कुमार नायक को सड़क निर्माण के दौरान होने वाली अनियमितता एवं भ्रष्टाचार के विषय में फोटो और वीडियो भेजकर जांच करके लिए कहा था। लेकिन जब छह दिनों बाद भी इस मामले में कार्यवाही नहीं हुई तो कांग्रेस विधायक मंगलवार को स्वयं मौके पर पहुंचे और सड़क निर्माण की गुणवत्ता देखी। जिसमें सड़क बनाने





में घटिया सामग्री लगाने के साथ-साथ तय मापदंड को ताक पर निर्माण करना पाया गया।

विधायक शाह ने कहा कि जब सड़क की गुणवत्ता देखी तो दो दिनों पहले बनी सड़क की परत किसी ट्रे में रखी बर्फी की तरह उखड़ने लगी। उनका आरोप है कि ठेकेदार ने मिट्टी के ऊपर ही डामर की लेयर डाल कर रोड़ तैयार कर दी है। सड़क में निर्धारित मापदंड से भी कम मात्रा में डामर की लेयर डाली गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों से सड़क निर्माण की जांच लैब टेस्ट से करवाने के बाद खुद भी प्राइवेट लैब से जांच कराकर दोनों रिपोर्ट के आधार पर ठेकेदार पर कार्यवाही करने की मांग की है। साथ ही विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि ठेकेदार की कमियों को समेट कर उसे बचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने इस मामले को विधानसभा में उठाने की भी बात कही है। उधर इस संबंध में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के महाप्रबंधक रामकुमार नायक से वर्जन के लिए कॉल किया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

# इंदौर महापौर ने लायंस भोजन सेवा में हाथों से भोजन परोसा




**खंडवा।** लायंस क्लब खंडवा द्वारा जिला चिकित्सालय में 24 वर्षों से संचालित लायंस भोजन सेवा का मरीजों, परिजनों व जरूरमंदों को टेबल कुर्सी पर बैठाकर भोजन कराने का कार्य आत्म संतुष्टि प्रदान करने वाला है। उपरोक्त उद्गार इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने जिला चिकित्सालय परिसर स्थित लायन्स भोजन सेवा केंद्र में व्यक्त करते हुए कहे। नारायण बाहेती व सुनील जैन ने बताया कि मंगलवार को भार्गव लायन्स भोजन सेवा केंद्र में आए। चेयरमेन गांधी प्रसाद गदले को चेयरमेन नारायण बाहेती, रीजन चेयरमेन राजीव शर्मा, लायंस क्लब खंडवा अध्यक्ष राजीव मालवीय, सचिव घनश्याम वाधवा, कोषाध्यक्ष मधुबाला शेलार सागर आरतानी,सुनील जैन,नारायण बाहेती ने पुष्यमित्र भार्गव का पुष्पहार से स्वागत किया। गदले ने केंद्र की जानकारी दी। भार्गव ने मरीजो परिजनों व जरूरतमन्दों को अपने हाथों भोजन परोसा।उन्होंने भोजन की गुणवत्ता की सराहना की। भार्गव के साथ सेवादास पटेल,मुकेश तनवे सुधांशु जैन,आदि पधारे।बी आर तिरोले,राजू जोशी,सनत श्रीमाली,वसीम कुरैशी, सुशीला गदले,रेखा रामस्नेही, वीना आठोत्रा, ईशा आठोत्रा व लायन सदस्य उपस्थित रहे। सचिव घनश्याम वाधवा ने सभी का आभार माना।